हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 8 मई 2026

06 बारिश से पहले नगरपालिका की जर्जर भवनों पर...

07 38 वर्ष से बंद लोक निर्माण विभाग सोहागपुर...




गर्मी से परेशान वन्य प्राणी जंगलों से निकलकर आ रहे बाहर

## सतपुड़ा के जंगलों में दिखा एंडेंजर्ड रेयर स्पीशीज़ का पैंगोलिन, दुनिया में होती सर्वाधिक तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के समीप सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एंडेंजर्ड रेयर स्पीशीज़ का पेंगोलिन दिखाई दिया है। एसटीआर गाइड एलएन माझी ने बताया कि सोहागपुर निवासी आरके दुबे ने रिजर्व के बफर जोन क्षेत्र में गत दिवस सफारी के दौरान पेंगोलिन देखा है। मढ़ई रेंज आफिसर राहुल उपाध्याय ने माना कि यह रेयर स्पीशीज़ है एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में भी पेंगोलिन जीव बहुत ही कम दिखाई देता है। बहुत कम सैलानी ही इसे रिजर्व क्षेत्र में अब तक देख पाए हैं। रिजर्व के सहायक संचालक आशीष खोबरागड़े ने बताया कि पैंगोलिन जीव एंडेंजर्ड अर्थात लुप्तप्राय या संकटग्रस्त या विलुप्तप्राय प्रजाति का जीव है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अधिकारियों ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पेंगोलिन की इल्लीगल ट्रेडिंग हमेशा इसे चर्चा में बनाए रखती है।



### पैंगोलिन के मुख्य तथ्य

पैंगोलिन के मुख्य तथ्यपैंगोलिन मुख्य रूप से चींटियां और दीमक खाता है। पैंगोलिन शब्द मलय भाषा के 'पेंगगुलुंग' से आया है। इस शब्द का अर्थ है 'रोलर' अर्थात गेंद की तरह लुढ़कने वाला। पेंगोलिन भी अपने बचाव के लिये गेंद की तरह रूप रख लेता है। जानकार बताते हैं कि पैंगोलिन अफ्रीका और एशिया में आठ प्रजातियों में पाया जाता है। यह जीव निशाचर है अतः रात में सक्रिय होता है एवं एकांतप्रिय जीव है। यह रात में या सुबह बहुत कम रोशनी में दिखाई देता है। दुनिया में इस स्तनधारी जीव की सबसे अधिक तस्करी की जाती है, क्योंकि इसके मांस और शल्क का उपयोग चीन में दवा बनाने में किया जाता है। अवैध तस्करी के कारण यह संकटग्रस्त जीव सूची में शामिल किया गया है।

## दादर से बनारस जा रही ट्रेन में बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ी, इलाज से पहले ही तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



दादर से बनारस जा रही बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की अचानक तबीयत बिगड़ने और समय पर उपचार न मिल पाने के कारण मृत्यु हो गई। यह घटना इटारसी रेलवे स्टेशन पर घटित हुई, जहां सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल ने तत्परता दिखाई, लेकिन यात्री को बचाया नहीं जा सका।मृतक यात्री की पहचान दीपक बच्चन गुप्ता 70 वर्ष के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ दादर से बनारस की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के इटारसी स्टेशन पहुंचने से पहले ही गुप्ता की हालत अचानक गंभीर हो गई। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ आरक्षक हर प्रताप सिंह परमार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बिना किसी देरी के तत्काल इमरजेंसी मेडिकल टीम को सूचित किया। जैसे ही ट्रेन इटारसी स्टेशन रुकी, आरक्षक और मेडिकल टीम ने यात्री को अटेंड किया। रेलवे डॉक्टरों ने यात्री की जांच की, परंतु उपचार शुरू होने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। डॉक्टरों द्वारा यात्री को मृत घोषित किए जाने के बाद जीआरपी को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक यात्री का पंचनामा तैयार किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और परिजनों को वैधानिक कार्रवाई के उपरांत शव सौंपने की प्रक्रिया जारी है।

## खबर संक्षेप

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, की अध्यक्षता में 8 मई को दोपहर 12 बजे से रेवासभा कक्ष कलेक्ट्रेट नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक के दौरान कृषि विभाग की गतिविधियों एवं योजनाओं की प्रगति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों आदि कार्य की समीक्षा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के माध्यम से की जाएगी।

### किसान कर सकते खाद की बुकिंग व उठाव

**नर्मदापुरम।** खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारी हेतु जिला नर्मदापुरम में खाद एवं उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। खरीफ सीजन हेतु वर्तमान समय तक जिला नर्मदापुरम को लगभग 17669 मी.टन यूरिया, 5659 मी.टन टी.एस.पी. एवं 9074 मी.टन एन. पी. के उर्वरक प्राप्त हुआ है। जिसमें से 850 मी.टन यूरिया, 153 मी.टन टी.एस.पी, 282 मी. टन एन.पी. के. उर्वरका का वितरण किसानों को किया जा चुका।

अवैध शराब माफिया के खिलाफ पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी स्ट्राइक

# 25 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

नर्मदापुरम पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए लाखों की अवैध शराब जब्त की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



### जब्ती का लेखा-जोखा

- कुल शराबः 2574.720 लीटर (298 पेटी)।
- शराब की कीमतः रु 25,74,720 (बाजार मूल्य)।
- वाहन की कीमतः रु 2,00,000 (बोलेरो पिकअप)।
- कुल मशरूकाः रु 27,74,720।
- आरोपीः रमेश उर्फ गंगाराम चौरगढे (49) और विजेश उइके (22), दोनों निवासी जिला बैतूल।
- बैतूल से जुड़े हैं तार, बड़े सिंडिकेट का अंदेशा

जिले में अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी और निर्णायक कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिवनी मालवा पुलिस ने घेराबंदी कर एक बोलेरो पिकअप से करीब 25.74 लाख रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। वाहन सहित कुल जब्त सामग्री की कीमत 27.74 लाख रुपये आंकी गई है, जिसे क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन पर पुलिस का सबसे करारा प्रहार माना जा रहा है।

यह पूरी कार्रवाई बुधवार, 6 मई 2026 की रात को हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक सुधाकर बारस्कर को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि एक सफेद बोलेरो पिकअप (MP 28 G 1008) में भारी मात्रा में शराब की खेप सिवनी मालवा से ढेकना की ओर जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जाल बिछाया और लोखरतलाई रोड पर वाहन का पीछा शुरू किया। बांकाबेड़ी पहुंच मार्ग के पास पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए पिकअप को चारों तरफ से घेर लिया। जब वाहन की तलाशी ली गई, तो ऊपर से वह सामान्य तिरपाल से ढका नजर आया, लेकिन तिरपाल हटाते ही पुलिस के भी होश उड़ गए। पिकअप के भीतर 'ऑफिसर च्वाइस' ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 298 कार्टून ठसाठस भरे हुए थे। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी बैतूल जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ में वे शराब के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश नहीं कर सके। पुलिस अब इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि शराब की इतनी बड़ी खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे क्षेत्र में कहां खपाया जाना था। आशंका जताई जा रही है कि इस मामले के तार अंतरराज्यीय शराब माफिया से भी जुड़े हो सकते हैं। पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

इस बड़ी सफलता के पीछे एसपी साई कृष्णा एस. एवं एएसपी अभिषेक राजन, थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नरेन्द्र लिल्लोरे, एएसआई उमेश मिश्रा, आरक्षक बलराम आदि शामिल रहे।

## नर्मदा ब्रिज के पास सड़क हादसा इटारसी के दो युवक घायल




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भोपाल से लौटते समय नर्मदा ब्रिज फोरलेन के पास एक सड़क दुर्घटना में इटारसी निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, राजेंद्र सोनी के पुत्र तन्मय सोनी और सज्जन यादव के पुत्र पीयूष यादव (18 वर्ष) अपनी बाइक से आ रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। पीयूष यादव रेलवे कर्मचारी के पुत्र बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को तत्काल नर्मदा अपना अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खरीदी केंद्रों पर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में गेहूं उपार्जन कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, शीतल पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी उद्देश्य से जिला उपार्जन समिति द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक नीता कोरी, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड सुरेश संखेरे तथा जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन वासुदेव दवंडे द्वारा कृषक सेवा सहकारी समिति आरी के अंतर्गत अर्पित वेअरहाउस माखननगर स्थित खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया गया।

## कांग्रेस ने सांसद चौधरी का पुतला फूंका, गेहूं खरीदी में अव्यवस्था को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों की समस्याओं और गेहूं खरीदी में व्याप्त भारी अव्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जयस्तंभ चौक पर एकत्र हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद दर्शन चौधरी का पुतला दहन किया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने सांसद दर्शन चौधरी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो सांसद कभी आंदोलन वीर के रूप में अपनी पहचान बनाकर संसद तक पहुंचे, आज वही किसानों की बदहाली पर चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने मांग की कि यदि सांसद किसानों की आवाज नहीं उठा सकते, तो उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रमुख रूप से योगेश त्रिवेदी, सोनू बकोरिया, पिंकी शर्मा, अतुल तिवारी, राम शंकर सोनकर, राजेंद्र गोस्वामी, शेख फारूक, बल्ला यादव, दिनेश बलोरिया, अमित परदेसी, पिंटा भद्रेले आदि शामिल रहे।

### राज्य स्तरीय कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**नर्मदापुरम।** 12वीं स्कूल एज्युकेशन डिपार्टमेंटल राज्य स्तरीय कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 08 मई से 10 मई 2026 तक शासकीय संदीपनी उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान, पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी संभागों से लगभग 500 अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 08 मई को सायं 4 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा रहेंगे।

## सराफा चोरी का 48 घंटे में पर्दाफाश करने पर एसपी का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के इटारसी शहर के व्यस्ततम सराफा बाजार में हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का चंद घंटों में खुलासा करने वाली पुलिस टीम की सफलता पर इटारसी सराफा एसोसिएशन ने हर्ष व्यक्त किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नर्मदापुरम एसपी साईं कृष्णा एस थोटा के कार्यालय पहुंचकर उनका आत्मीय स्वागत किया और पुलिस की कार्यकुशलता की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि सराफा बाजार स्थित तुलसी ज्वेलर्स में लाखों रुपये के स्वर्ण आभूषणों की चोरी हुई थी, जिसने पूरे व्यापारिक जगत में असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया था। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और सूक्ष्म जांच के आधार पर दुकान के ही कर्मचारी गौरव नामदेव को हिरासत में लिया। पुलिस की सख्ती के आगे आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया, जिसके पास से चोरी गया शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया। सराफा कारोबारियों की चिंता को देखते हुए जिस तत्परता से पुलिस ने केवल 48 घंटों के भीतर आरोपी को दबोचा, उससे व्यापारियों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और गहरा हुआ है। इसी कृतज्ञता को प्रकट करने के लिए इटारसी सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष यज्ञदत्त गौर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को शॉल एवं श्रीफल भेंट किया। व्यापारियों ने न केवल एसपी, बल्कि एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और टीआई गौरव बुंदेला सहित पूरी टीम के प्रति आभार जताया।

### प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिल

इस गरिमामय अवसर पर वरिष्ठ सराफा व्यवसायी सुधीर गोठी, तुलसी ज्वेलर्स के संचालक राकेश अग्रवाल, परम अग्रवाल, राकेश खंडेलवाल एवं अन्य प्रमुख व्यवसायी उपस्थित रहे। एसपी ने भी व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस जनता की सुरक्षा और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

### इनका कहना है

जब अपने बीच का ही कोई व्यक्ति विश्वासघात करता है, तो उसे पकडना चुनौतीपूर्ण होता है। लेकिन पुलिस ने जिस पेशेवर अंदाज में आरोपी को पकड़ा और माल बरामद किया, वह काबिले तारीफ है।

**यज्ञदत्त गौर, अध्यक्ष, सराफा एसोसिएशन**

## नपाध्यक्ष ने जनसुनवाई में आए आवेदनों का किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में लगातार नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा करीब 15 से अधिक आवेदनों पर सुनवाई की गई। जिसमें अधिकांश आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की साथ ही जांच योग्य आवेदनों को संबंधित शाखा प्रभारी को दिए गए। पेंशन स्वीकृत होने पर वार्ड 16 की दिव्यांग महिला खुशी खुशी घर लौटी। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार जनसुनवाई की शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को करीब 15 से अधिक समस्याएं आई। जिसमें मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, पीएम आवास हेतु आवेदन, पेयजल संबंधी, नाली निर्माण आदि के आवेदन आए।

यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान सतत जारी

## यातायात व सड़क सुरक्षाः 10 दिन में 1828 बिना हेलमेट चालकों के कटे चालान, अब लाइसेंस सस्पेंड किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के आंकड़ों को कम करने के लिए नर्मदापुरम पुलिस इन दिनों बेहद सख्त तेवर अपनाए हुए है। 26 अप्रैल से जिलेभर में शुरू हुए विशेष हेलमेट अभियान के तहत मात्र 10 दिनों के भीतर पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले 1828 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। खास बात यह है कि अब पुलिस केवल जुर्माना वसूलकर नहीं रुक रही, बल्कि इन सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### 16 थानों में सघन चेकिंग

पुलिस अधीक्षक श्री साईंकृष्ण एस. थोटा एवं एएसपी अभिषेक राजन के निर्देशन में जिले के सभी 16 थाना क्षेत्रों और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से यह मोर्चा संभाला गया है। अभियान के दौरान अब तक 5000 से अधिक वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वालों से कुल 5.47 लाख रुपये का समन शुल्क वसूला गया है। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि हेलमेट न पहनना अब जेब और लाइसेंस दोनों पर भारी पड़ेगा।नर्मदापुरम पुलिस दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करने का काम भी कर रही है।



### जागरूकता और दंड साथ-साथ


जिले में अब तक 192 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिसके माध्यम से 6151 से अधिक नागरिकों को हेलमेट की गुणवत्ता और उसे सही तरीके से पहनने (चिन स्ट्रैप बांधने) की समझाइश दी गई है। साथ ही, शासन की 'राहवीर योजना' और 'कैशलेस उपचार योजना' के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

### सिर्फ हेलमेट पहनना काफी नहीं

उप पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि कई लोग पुलिस को देखकर हेलमेट तो लगा लेते हैं, लेकिन उसकी चिन स्ट्रैप (फीता) नहीं बांधते। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना स्ट्रैप के हेलमेट पहनना भी उतना ही खतरनाक है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ जुर्माना करना नहीं, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से लोगों के जीवन को सुरक्षित करना है।

## जूनियर नेशनल पिट्टू स्पर्धा में ख्वाब लोवंशी ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के बघबाड़ा गांव की गलियों से निकला एक युवा, जिसने संसाधनों के अभाव को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। तपती धूप और कच्चे मैदानों पर पसीना बहाने वाले ख्वाब लोवंशी ने साबित कर दिया कि यदि हौसले बुलंद हों, तो गांव की मिट्टी से भी 'स्वर्ण सितारे' जन्म लेते हैं। आज पूरा क्षेत्र अपने इस बेटे की कामयाबी पर गर्व कर रहा है।

मध्यप्रदेश की धरती और नर्मदापुरम संभाग के एक छोटे से गांव बघबाड़ा ने खेल जगत में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमा दी है। पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गुजरात के सूरत में 3 से 6 मई तक आयोजित तीसरी जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में बघबाड़ा के होनहार खिलाड़ी ख्वाब लोवंशी ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है।

### 22 राज्यों के खिलाड़ियों को हराकर पाया स्थान

जिला पिट्टू संघ के सचिव जाफर सिद्दीकी ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के 22 से अधिक राज्यों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। कड़े संघर्ष और चुनौतीपूर्ण मुकाबलों के बीच ख्वाब ने मध्यप्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए असाधारण खेल दिखाया और फाइनल जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका सारणी में लोक अदालत 9 मई को

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारणी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सुबह 11 से सायं 4 बजे तक किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सी के मेश्राम ने बताया कि उक्त लोक अदालत में संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, विकास उपकर एवं जलकर की चालू एवं बकाया राशि जमा की जा सकती है। नेशनल लोक अदालत में राशि जमा किए जाने पर बकायेदारों को शासन के नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, वृद्धा की मौत

**बैतूल।** आमला पंखा रोड पर बीती रात बुधवार को एक सडक़ हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका की पहचान बैलमडाई निवासी पिब्बो बाई पत्नी मधु विश्वकर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, महिला बुधवार रात करीब 10.30 बजे एक शादी समारोह से पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद महिला गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर गिर गईं। वहां से गुजर रहे एक बच्चे ने उन्हें देखा और तत्काल एम्बुलेंस तथा परिजनों को सूचित किया। घायल महिला को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए रात करीब 12.38 बजे उन्हें बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू किया। हालांकि, गुरुवार तडक़े करीब 3.25 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

### ढाबा मैनेजर को शराब न देने पर पीटा, गंभीर घायल

**बैतूल।** शराब न देने पर ढाबा मैनेजर के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। दो युवकों ने मैनेजर जितेंद्र नायक के सिर पर टेबल ग्लास फोड़ दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के भारत भारती स्थित काका ढाबा में हुई। जानकारी के अनुसार, रात करीब 2 बजे दो युवक काका ढाबा पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद मैनेजर जितेंद्र नायक (34) निवासी भारत भारती से शराब मांगी। मैनेजर ने शराब न होने की बात कही, जिस पर दोनों युवक भडक़ गए। आरोप है कि उन्होंने पहले गाली-गलौज की और फिर लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान, युवकों ने ढाबे के काउंटर पर रखा कांच उठाकर जितेंद्र के सिर पर मार दिया। इस हमले से उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल मैनेजर को तत्काल रात करीब 2.30 बजे जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

### टेंट व्यवसाई के बेटे की संदिग्ध मौत, जांच जारी

**बैतूल।** गंज थाना क्षेत्र में 12वीं पास एक नाबालिग छात्र की संदिग्ध मौत हो गई। छात्र अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद आगे कॉलेज में दाखिले की तैयारी कर रहा था। जानकारी के अनुसार, मृतक छात्र के पिता टेंट व्यवसाय से जुड़े हैं। यह परिवार पहले चुन्नीढाना गंज क्षेत्र में रहता था, जबकि इसके कुछ सदस्य वर्तमान में गऊठाना इलाके में निवास कर रहे हैं। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात खाना खाने के बाद छात्र ने अपने बड़े भाई से गर्मी लगने की शिकायत की थी। इसके कुछ देर बाद ही अचानक उसे उल्टियां होने लगीं। लगातार उल्टियां होने और छात्र की हालत बिगडऩे पर परिजन उसे आनन-फानन में जिला चिकित्सालय ले गए। यहां रात करीब 12 बजे उसे भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत आईसीयू में शिफ्ट कर इलाज शुरू कर दिया था। तमाम कोशिशों के बावजूद गुरुवार तडक़े उपचार के दौरान ही छात्र की मौत हो गई।

## 26 जर्जर भवन चिन्हित, सभी को जारी किए नोटिस

# बारिश से पहले नगरपालिका की जर्जर भवनों पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में मौजूद जर्जर भवनों पर नगरपालिका ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। नगरपालिका प्रशासन ने जर्जर भवनों का सर्वे कर नोटिस जारी किये है, जिसमें भवनों के मालिकों को बारिश शुरू होने से पहले भवनों की मरम्मत कराने या उन्हें डिसमेंटल कराने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल आगामी वर्षा ऋतु में जर्जर हो चुके भवनों से दुर्घटना की संभावनाओं को देखते हुए नगरपालिका ने शहर के वार्डो में जर्जर भवनों का सर्वे शुरू कर दिया है। सर्वे के दौरान अब तक 26 भवन जर्जर हालत में चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर पालिका के रिकॉर्ड के अनुसार शहर में कुल 36 जर्जर भवन दर्ज हैं। इनमें से 8 भवनों के मामले न्यायालय में लंबित है, जिसके कारण उन पर तत्काल कार्रवाई नहीं हो सकी है। वहीं 3 भवनों को नगरपालिका द्वारा पहले ही खतरनाक स्थिति में होने के कारण डिसमेंटल कराया जा चुका है। इसके अलावा 7 मकान मालिकों ने स्वयं अपने भवनों को जर्जर हालत देखते हुए गिरा दिया था। अब शेष भवनों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बता दे कि दशकों पहले बने इन भवनों की मियाद पूरी हो चुकी है। वे खंडहर की शक्ल ले चुके हैं। उनके कई हिस्से आए दिन टूटकर गिरते रहते हैं। बावजूद भवन मालिकों द्वारा ऐसे भवनों की न तो मरम्मत कराई है और न ही डिस्मेंटल किया है। जिससे इन भवनों के बारिश में ढहने की संभावना रहती है और हादसा भी हो सकता है।




### नगरपालिका द्वारा किया जा रहा जर्जर भवनों का सर्वे

नगरपालिका द्वारा शहर के सभी 33 वार्डों में सर्वे अभियान चलाकर भवनों की स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह देख रहा है कि कौन-कौन से मकान या व्यावसायिक भवन बारिश के दौरान खतरा बन सकते हैं। इस अभियान में 26 जर्जर भवन चिन्हित किए गए हैं। इन भवन मालिकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस में भवन स्वामियों को स्पष्ट निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे बारिश शुरू होने से पहले भवनों की मरम्मत कराएं अथवा उन्हें सुरक्षित तरीके से हटाएं। यदि तय समय सीमा में निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो नगरपालिका स्वयं कार्रवाई कर सकती है और खर्च भी भवन स्वामी से वसूला जा सकता है।

### पुराने भवन बन सकते हैं हादसे का कारण

नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि बारिश के दौरान पुराने और कमजोर भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। इसलिए समय रहते कार्रवाई जरूरी है। इधर नगरपालिका द्वारा नोटिस जारी करने की खबर के बाद भवन स्वामियों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। कई लोग अपने भवनों की स्थिति का पुनः आकलन कराने में जुट गए हैं, जबकि कुछ लोग मरम्मत कार्य शुरू कराने की तैयारी कर रहे हैं। जानकारी बातते है कि नियमानुसार नगरपालिका सर्वे कराकर अपनी सीमा में स्थित जर्जर व खतरनाक भवनों को चिह्नित कर उन्हें जमींदोज कराने के लिए भवन स्वामी को नोटिस दे सकता है। नोटिस देने के बाद भी भवन स्वामी स्वेच्छा से निर्माण नहीं ढहाता है।

### कई भवनों को देखकर ही लगता है डर

शहर में कई भवनों की हालत ऐसी है, जिसे देखकर ही डर लगता है। उनकी छत और बरामदे की ईंट टूटकर गिर रही हैं। दीवारें फट चुकी हैं। इन भवनों के निर्माण को 60 साल से अधिक का समय बीत चुका है। भवनों की दीवारें कमजोर हो चुकी है। फिर भी इन भवनों में लोग परिवार के साथ निवास कर रहे है या व्यवसायिक तौर पर ऐसे भवनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में जर्जर भवन बड़े हादसों का कारण बन सकते है। बावजूद इसके बेफिक्र होकर निहित स्वार्थों में कुछ लोग इन्हें ही ठिकाना बनाए हुए है। किसी ने इन भवनों के नीचे दुकान खोल रखी है तो कोई जर्जर हिस्से को ढक कर उसमें निवास कर रहे है।

### 15 जून तक कार्रवाई पूरी करने के दिये निर्देश

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं को वर्षा पूर्व व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शहरी क्षेत्रों में मौजूद जर्जर भवनों की पहचान कर संबंधित अधिनियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि बारिश के मौसम में भवन गिरने जैसी घटनाओं से जनहानि न हो। विभागीय आदेश में कहा गया है कि सभी निकाय 15 जून 2026 तक यह कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें और उसका पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करें। साथ ही यह संकेत भी दिए गए हैं कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जा सकती है।

**इनका कहना है**

हमारे पास कुल 36 जर्जर भवनों की सूची हैं, पूर्व में दस जर्जर भवनों को डिस्मेंटल किया जा चुका हैं। शेष 26 भवन जो जर्जर हालत में हैं, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में समय-सीमा में मकान को डिस्मेंटल करने या मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं।

**- नवनीत पांडे,**
सीएमओ, नगरपालिका परिषद बैतूल

## जल संरक्षण व संवर्धन के क्षेत्र में बैतूल को मॉडल बनाएं: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पंख कार्यक्रम अंतर्गत दृष्टि योजना के तहत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त करते कहा कि जिले में पर्यावरण संरक्षण, वन ऊर्जा, नशा मुक्ति, प्राकृतिक कृषि सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में संस्थाओं द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन में भी इन संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते कहा कि अभी भी जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने पूर्व में किए गए जल संरक्षण कार्यों का डॉक्यूमेंटेशन करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे आगामी परियोजनाओं के लिए उपयोगी मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने सभी संस्थाओं से बैतूल जिले को जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में मॉडल जिला बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बैतूल जिले के नागरिक सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग एवं सक्रिय हैं। आगामी जल संरक्षण, कृषि एवं विकास परियोजनाओं में अपने सुझाव एवं सहयोग देकर जिले के समग्र विकास में सक्रिय सहभागिता निभाएं। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने ग्राम सायगोहन में नमन सेवा संस्था द्वारा प्राकृतिक खेती की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अन्य लोगों से भी वहां जाकर कार्यों का अवलोकन करने का आग्रह किया। उन्होंने जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों से कहा कि नदी पुनर्जीवन के महत्व को देखते हुए रिज टू वैली तकनीक के आधार पर कार्य करें। साथ ही जन अभियान परिषद को नदी पुनर्जीवन हेतु कार्ययोजना तैयार करने तथा स्वैच्छिक संगठनों के सुझाव एवं सहयोग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी मानसून से पूर्व ऐसी कम से कम एक पहाड़ी का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए, जहां हरियाली नहीं है और जहां जनसहभागिता से बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जा सके। बैठक में माचना नदी के अविरल प्रवाह को बनाए रखने के संबंध में भी चर्चा की गई तथा इस दिशा में प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने का आग्रह किया गया।

बैठक में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद श्रीमती प्रिया चौधरी ने जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण, जल संरक्षण एवं संवर्धन, पौधारोपण आदि गतिविधियों की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। बैठक में पशुपालन, वन, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि 2024-25 में लक्ष्य प्राप्ति पर कलेक्टर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य राशि 7,61,100 से अधिक 7,80,309 एकत्रित करने पर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे को राज्यपाल म.प्र. मंगुभाई पटेल द्वारा ट्रॉफी एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें औपचारिक रूप से कैप्टन (आईएन) सुमीत सिंह (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वंदना जाट भी मौजूद रहीं, जिनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप यह लक्ष्य प्राप्त हो सका। परिवहन अधिकारी बैतूल अनुराग शुक्ला के कार्यालय द्वारा एक लाख रुपये से अधिक की राशि दान की गई। गौरतलब है कि बैतूल जिले ने लगातार दो वर्षों से यह लक्ष्य हासिल कर सम्मान प्राप्त किया है। इससे पहले वर्ष 2021-22 में भी यह सम्मान जिले को मिला था। आशा है कि इस वर्ष भी दिए गए लक्ष्य को प्राप्त कर बैतूल जिला पुनः यह गौरव हासिल करेगा। इस राशि का उपयोग संचालनालय, सैनिक कल्याण म.प्र. भोपाल के मार्गदर्शन में शहीद सैनिकों, उनके आश्रितों, परिजनों, विकलांग सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में किया जाता है । भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक 35-40 वर्ष की कम आयु में ही सेवानिवृत्त हो जाते हैं। उस समय उनके बच्चे छोटे और माता-पिता वृद्ध होते हैं । घर की जिम्मेदारियों व बच्चों की शिक्षा के लिए प्राप्त पेंशन पर्याप्त नहीं होती। इसलिए इस निधि का सर्वाधिक उपयोग पूर्व सैनिकों के आश्रितों को शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करने में किया जाता है। झण्डा दिवस निधि में नागरिकों का स्वैच्छिक अनुदान एक गरिमामयी परंपरा है। यह शहीदों के परिवारों, जरूरतमंद विकलांग पूर्व सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के प्रति आभार प्रकट करने का उत्तम माध्यम है। राज्य सरकार द्वारा आगामी वर्ष से यह प्रावधान किया गया है कि किसी भी विभाग, संस्था या व्यक्ति द्वारा एक लाख रुपये या अधिक राशि दान करने पर उन्हें माननीय राज्यपाल द्वारा लोकभवन में आयोजित सम्मेलन में प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा ।



## नपा उपाध्यक्ष का मोबाइल चोरी

**बैतूल।** नगरपालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर का वीवो कंपनी का मोबाइल पिछले दिनों सदर बाजार में चोरी हो गया। चौकाने वाली बात यह है कि ढाई वर्ष में सदर बाजार में ही उनका तीसरा मोबाइल चोरी हुआ है। सदर बाजार की व्यवस्था पर खुद नपा उपाध्यक्ष राठौर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अंबेडकर वार्ड में निवास करते हैं और सदर बाजार में रविवार या गुरुवार को सब्जी खरीदने जाते हैं। बीते रविवार भी उन्होंने वीवो कंपनी का मोबाइल ऊपर की जेब में रखा था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। उन्होंने बताया कि 25 हजार कीमत यह मोबाइल एक वर्ष पहले ही खरीदा था। इसके पहले भी दो बार सदर बाजार से ही मोबाइल चोरी हो चुका है। नपा उपाध्यक्ष ने पुलिस से सदर बाजार के दिन नियमिति रूप से निगरानी करने के लिए आग्रह किया है। वे इस संबंध में जल्द ही एसपी वीरेंद्र जैन से भी मुलाकात करने वाले हैं।

## प्रभु की प्रत्येक चेष्टा भक्त के अहंकार को नष्ट करने और प्रेम जगाने का माध्यम

**शाहपुर।** ग्राम कछार में चित्रकूट से पधारे नितिन देव महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत कथा सुनाई जा रही है। कथावाचक नितिन देव महाराज ने कथा के पंचम सोपान पर भगवान श्रीकृष्ण की चित्तचोर बाल लीलाओं का अत्यंत मनोहारी चित्रण किया गया। यशोदा नंदन की माखन चोरी और सखाओं संग क्रीड़ा के प्रसंगों ने संपूर्ण पंडाल को गोकुल के आनंद में सराबोर कर दिया।

महाराज ने बताया कि प्रभु की प्रत्येक चेष्टा भक्त के अहंकार को नष्ट करने और निश्छल प्रेम जगाने का माध्यम है। नन्हे कान्हा के वात्सल्य रस में डूबे इन प्रसंगों ने भक्तों की आंखों को भावुकता के अश्रुओं से नम कर दिया। बाल लीलाओं का यह क्रम जीव को ईश्वर की सुलभता और उनकी करुणा का दिव्य बोध कराता है। इंद्र के मान-मर्दन और प्रकृति पूजन का संदेश देती गोवर्धन लीला का प्रसंग अतीव प्रेरणादायी रहा। भगवान द्वारा कनिष्ठ उंगली पर गिरिराज को धारण करना इस सत्य को रेखांकित करता है कि जब समाज संगठित होता है, तो प्रभु स्वयं उसकी रक्षा का भार उठा लेते हैं। यह लीला केवल एक चमत्कार नहीं, अपितु पर्यावरण संरक्षण और सामूहिकता के महत्व का विजयघोष है। महाराज जी के कंठ से प्रस्फुटित होते मधुर भजनों ने वातावरण में भक्ति का अनूठा रस घोल दिया। उनके द्वारा गाए गए कर्णप्रिय गीतों पर श्रोता आत्मविभोर होकर झूम उठे, जिससे संपूर्ण परिसर वैकुंठ के सदृश प्रतीत होने लगा। समारोह में उपस्थित समाजसेवी सुरेश राठौड़ ने श्रीमद्भागवत को जीवन के अंधकार को मिटाने वाला अध्यात्म-सूर्य बताया। उन्होंने कहा कि भागवत मात्र कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन की आचार संहिता है जो हमें कर्तव्य पथ पर बढने की प्रेरणा देती है। उनके अनुसार, ऐसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और पारस्परिक सद्भाव को सुदृढ करने में महती भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से इस ज्ञान को आत्मसात कर आदर्श समाज के निर्माण का आह्वान किया। ग्राम भौंरा से पधारे प्रबुद्धजनों अशोक जायसवाल, श्याम लाल राय, रमेश मालवीय, विष्णु मालवीय, जनक लाल पवार, राधे लाल राय एवं हरिओम मालवी ने महाराज की वाचन शैली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने इस आयोजन को क्षेत्र की आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का कालखंड बताया।



## समस्याओं का मौके पर कराया समाधान, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमला क्षेत्र के ग्रामों के सघन भ्रमण के पश्चात कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने ग्राम लादी में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं। चौपाल में विभिन्न ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों ने पेयजल, सडक़, बिजली, आंगनवाड़ी, खाद वितरण, निर्माण कार्यों एवं योजनाओं के लाभ से संबंधित समस्याएं रखीं, जिनके निराकरण के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। चौपाल के दौरान कलेक्टर डॉ सोनवणे ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर झाड़ू निर्माण, बकरी पालन, सब्जी उत्पादन, डोना-पत्तल निर्माण जैसी गतिविधियों की जानकारी ली। महिलाओं द्वारा आजीविका भवन की मांग रखे जाने पर उन्होंने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के लाभार्थियों की जानकारी लेते हुए श्रम विभाग द्वारा ग्रामीणों को योजना की उपयोगिता एवं लाभों की जानकारी दी गई।

### पेयजल समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

ग्रामीणों द्वारा पेयजल संकट की समस्या उठाए जाने पर कलेक्टर डॉ सोनवणे ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जानकारी ली। विभाग द्वारा बताया गया कि समस्या समाधान के लिए कुएं निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कोठिया के ग्राम चिकलार सहित आसपास के ग्रामों में पेयजल समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद सीईओ को पंचायत मद से बोरिंग एवं मोटर संबंधी समस्याओं का निराकरण कर पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्याप्त राशि उपलब्ध होने के बावजूद पेयजल समस्या बनी रहना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खराब पानी की शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए।



### निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

ग्राम कोठिया से बीसी घाट तक कच्चे मार्ग की समस्या पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना के तहत पुलिया सहित सडक़ निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। ग्राम लादी से सारणी मार्ग के लिए वन विभाग की अनुमति संबंधी विषय पर भी चर्चा की गई। ग्राम चिकलार में 10 ग्रामों में विद्युत समस्या के समाधान के लिए एमपीईबी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही लादी उप स्वास्थ्य केंद्र में बिजली समस्या का भी तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

### हितग्राहियों की समस्याओं का किया समाधान

कुंदन यादव एवं आस्थाराम द्वारा बकरी पालन के लिए ऋण सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर कलेक्टर डॉ सोनवणे ने पशुपालन विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जब्बू यादव को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत पर तहसीलदार को जांच कर लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों द्वारा चेकडैम, पुलिया निर्माण एवं नल-जल योजना के कार्यों में अनियमितता तथा राशि आहरण के बावजूद कार्य अधूरे होने की शिकायत पर अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत को जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### आंगनवाड़ी केंद्र के हैंडओवर नहीं होने पर जताई नाराजगी

ग्राम चुरनादही में नव निर्मित आंगनवाड़ी भवन का हैंडओवर नहीं होने की शिकायत पर कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कर भवन हस्तांतरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों पर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाए तथा दोषी इंजीनियरों पर कार्रवाई कर वसूली की जाए। ग्राम गोपालढाना में आंगनवाड़ी केंद्र नियमित नहीं खुलने की शिकायत पर संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सीडीपीओ को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

### किसान समस्याओं पर दिए निर्देश

खाद की उपलब्धता के संबंध में उप संचालक कृषि द्वारा जानकारी दी गई कि ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिक दर पर खाद विक्रय की शिकायतों पर कलेक्टर ने एसडीएम को संबंधित निजी विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। फॉर्मर आईडी नहीं बनने की शिकायतों के निराकरण के भी निर्देश दिए गए।

### कॉन्ट्रैक्टर और इंजीनियर को नोटिस

कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने आमला भ्रमण के दौरान ग्राम लांदी में नव निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सम्बन्धित कॉन्ट्रैक्टर और इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इस दौरान चिकित्सा स्टाफ से चर्चा कर मरीजों की संख्या संस्थागत प्रसव की जानकारी ली और सीएमएचओ को सभी डिलीवरी प्वाइंट क्रियाशील रखने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों की लगाई गई थी ड्यूटी

कलेक्टर ने ग्रामीण समस्याओं के निराकरण के लिए कोठिया, देवीपिपरिया, ठानी, जमदेहीखुर्द, रातेड़ाकला, जमदेहीकला, खापा खातेड़ा, छाबल, तोरणवाड़ा, बारंगबाड़ी, लादी, बोरीखुर्द एवं परसौड़ी ग्राम पंचायतों के लिए जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। अधिकारियों द्वारा ग्राम भ्रमण कर समस्याओं का संकलन किया गया, जिनकी विस्तृत समीक्षा रात्रि चौपाल में कर समाधान के निर्देश दिए गए। देवीपिपरिया में आंगनवाड़ी केंद्र पर भोजन निर्माण नहीं होने की शिकायत पर संबंधित समूह को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## नागरिकों की अपेक्षा: आज करेंगे लोक निर्माण विभाग मंत्री से एसडीओ कार्यालय की मांग

# 38 वर्ष से बंद लोक निर्माण विभाग सोहागपुर सब डिवीजन कार्यालय

वर्षों से बंद पड़े लोक निर्माण विभाग सोहागपुर के एसडीओ कार्यालय के कारण अनुभाग के कई कार्य अनावश्यक लंबित हो रहे हैं। इस संबंध में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कार्यालय को पुन: चालू करने की बात कही थी लेकिन अब तक पूरी नहीं की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर


सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का स्थानीय सब डिवीजन कार्यालय नहीं है। वर्षों से यह कार्यालय बंद पड़ा है। जिसके संबंध में आज लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह से मांग की जा सकती है और उक्त मांग सोहागपुर क्षेत्र के लिये अति आवश्यक भी है।

हरिभूमि प्रतिनिधि ने उक्त मामले में सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज से चर्चा की। हरिभूमि संवाददाता ने सरोज को अवगत कराया कि लगभग 38 वर्ष पूर्व तक सोहागपुर में लोक निर्माण विभाग का सबडिवीजन कार्यालय हुआ करता था। तब सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र नहीं हुआ करता था। लेकिन अब सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र है व ब्लॉक मुख्यालय ही विधानसभा मुख्यालय भी है, अतः यह दुर्भाग्यपूर्ण लगता है कि विधानसभा एवं ब्लॉक मुख्यालय पर लोक निर्माण विभाग का सबडिवीजन ऑफिसर अर्थात एसडीओ का कार्यालय नहीं है।

अतः आवश्यक है कि विभागीय गतिविधियों के उचित संचालन के लिए सब डिवीजन ऑफिसर अर्थात लोक निर्माण विभाग के एसडीओ का कार्यालय सोहागपुर मुख्यालय पर होना चाहिए। अश्विनी सरोज ने आश्वासन दिया है कि वे उक्त संबंध में सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह से जरूर चर्चा करेंगे।

### 2011 में की थी घोषणा

लोनिवि के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2011 में मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम कामती की आमसभा में घोषणा की थी कि सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर एसडीओ कार्यालय खोलेंगे। कुछ महीनों तक सोहागपुर में एसडीओ ऑफिस कार्यालय खोलने की फाइल चली भी। लेकिन अब ज्ञात नहीं कि फाइल कहां है। कुछ कर्मचारियों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद कुछ समय तक सुगबुगाहट हुई, लेकिन कुछ हासिल नहीं हो सका। चूंकि अब विधानसभा चुनाव आने वाले हैं, अतः प्रयास हों कि सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय में लोनिवि एसडीओ कार्यालय हो। क्योंकि बाकी समस्त प्रमुख विभागों के सब डिवीजन अधिकारी कार्यालय सोहागपुर में हैं। मात्र आरईएस तथा लोनिवि एसडीओ कार्यालय नहीं हैं।



### दो सब डिवीजन का कार्य क्षेत्र

उल्लेखनीय है कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के दो सब डिवीजन क्षेत्र लगते हैं। सेमरी हरचंद की पूर्व दिशा में रानी पिपरिया तक सोहागपुर विधानसभा का हिस्सा पिपरिया सब डिवीजन में है। जबकि सेमरी हरचंद के पश्चिम में माखन नगर की ओर तवा पुल तक का सोहागपुर विधानसभा का हिस्सा नर्मदापुरम सबडिवीजन में है। इस तरह से सोहागपुर विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के दो सब डिवीजन क्षेत्र हैं। तथा संबंधित विभागीय कार्यों के लिए दो अलग-अलग एसडीओ से चर्चा करनी पड़ती है। अतः आवश्यक है कि विधानसभा मुख्यालय पर एक पृथक सब डिवीजन घोषित किया जाए ताकि यहां एसडीओ की आमद हो एवं एक ही अधिकारी के भरोसे समूचा विधानसभा क्षेत्र निर्भर रह सके।

### पिछले करीब 1988 से बंद कार्यालय

विभाग में किसी समय कार्यरत व वर्तमान में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बताया कि सन 1988 तक सोहागपुर-नर्मदापुरम मार्ग पर सलामतपुरा क्षेत्र में सोहागपुर का लोनिवि अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय हुआ करता था। लेकिन 1988 के बाद यह कार्यालय बंद हुआ एवं सोहागपुर को नर्मदापुरम व पिपरिया उपसंभाग कार्यालयों में संलग्न कर दिया गया। गत 38 वर्षों से सोहागपुर का लोनिवि अधर में झूल रहा है। जबकि 18 वर्षों से सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय है। अतः आवश्यक है कि विधानसभा मुख्यालय पर लोनिवि का अनुविभागीय तथा उप संभागीय कार्यालय खोला जाना चाहिए। इसे फिलहाल लोनिवि रेस्ट हाउस में संचालित किया जा सकता है।



#### विधायक से चर्चा की

"आपकी सूचना पर मैंने माननीय विधायक जी से चर्चा की है। वे माननीय मंत्री महोदय से चर्चा अवश्य करेंगे। यह लाभ सोहागपुर को मिलना चाहिए।"-

अश्विनी सरोज, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष।



#### प्रयास करेंगे ...

"सोहागपुर में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ नहीं है। इस संबंध में माननीय मंत्री जी से चर्चा की जाएगी। इस ओर जरूरू प्रयास किया जाएगा।"

विजयपाल सिंह, विधायक सोहागपुर।

# केसला पुलिस ने पकड़ी 189 लीटर शराब से लदी डिजायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




थाना केसला पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध एक प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 6 मई 2026 को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने नेशनल हाईवे-46 पर घेराबंदी की, जहां एक सफेद मारुति डिजायर कार को रोककर तलाशी ली गई।

### गिरफ्तारी और बरामदगी

पुलिस ने कार क्रमांक एमपी 04 सीई 3400 को रोककर जांच की तो उसमें अवैध रूप से ले जाई जा रही देसी प्लेन शराब की 21 पेटियां बरामद हुईं। कार चालक राज सिंह ठाकुर 29 वर्ष, निवासी न्यूयार्ड इटारसी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त की गई शराब की कुल मात्रा 189 लीटर है, जिसकी कीमत लगभग 80,000 रुपये और वाहन की कीमत 3,50,000 रुपये आंकी गई है।

### शराब माफियाओं का नेटवर्क :

पूछताछ के दौरान आरोपी राज सिंह ने खुलासा किया कि उसने यह शराब शाहपुर एनएच-46 स्थित शराब दुकान के पीछे बने गोदाम से वहां के मैनेजर से 63,000 रुपये में खरीदी थी। पकड़ी गई 21 पेटियों में से 10 पेटियां राज सिंह की थीं, जबकि शेष 11 पेटियां नर्मदापुरम निवासी दीपक विश्वकर्मा की बताई गई हैं। आरोपी परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश नहीं कर सका।

### कानूनी कार्रवाई

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी राज सिंह ठाकुर और दीपक विश्वकर्मा के विरुद्ध आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब इस अवैध चेन में शामिल अन्य लोगों और शराब दुकान के मैनेजर की मिलीभगत की गहराई से विवेचना कर रही है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने प्रयास जारी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने गुरुवार को कृषि उपज मंडी नर्मदापुरम पहुंचकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवाचार "प्रोजेक्ट सुरक्षा" के अंतर्गत उपार्जन कार्य में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए। इस अवसर पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा, महेंद्र यादव, एसडीएम जय सोलंकी, तहसीलदार श्रीमती सरिता मालवीय, उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह, एसडीओपी जितेंद्र पाठक सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रोजेक्ट सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह नवाचार जिला प्रशासन द्वारा पुलिस विभाग एवं कृषि विभाग के समन्वय से संचालित किया जा रहा है।

# नपाध्यक्ष की कुर्सी पर मंडराया कानून का संकट हाईकोर्ट ने सरकार और प्रशासन से मांगा जवाब

## गैजेट नोटिफिकेशन जारी न होना कहीं गले की फांस न बन जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले की नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पद को लेकर सियासी और कानूनी पारा अचानक बढ़ गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह तोमर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जबलपुर उच्च न्यायालय ने अध्यक्ष पंकज चौरे के निर्वाचन की वैधानिकता पर सवालिया निशान लगा दिया है। न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने इस मामले में प्रदेश के प्रमुख सचिव (नगरीय प्रशासन), कलेक्टर नर्मदापुरम और नपा अध्यक्ष को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब तलब किया है।

याचिका में सबसे बड़ा हमला 'मध्य प्रदेश राजपत्र' (Gazette) में निर्वाचन का प्रकाशन न होने को लेकर किया गया है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि अगस्त 2022 में निर्वाचन के बाद भी आज तक राजपत्र में अधिसूचना जारी नहीं हुई है, जो नगर पालिका अधिनियम-1961 की धारा 45 और 21(2) का सीधा उल्लंघन है। इसके बिना अध्यक्ष पद पर बने रहना विधि विरुद्ध बताया गया है।

### निर्णयों को शून्य घोषित करने की मांग

राजेंद्र सिंह तोमर ने याचिका के माध्यम से कोर्ट से यह अनुरोध भी किया है कि राजपत्र में प्रकाशन न होने के कारण पंकज चौरे के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही, पद पर रहते हुए उनके द्वारा अभी तक लिए गए समस्त निर्णयों को शून्य घोषित किया जाए। गौरतलब है कि याचिकाकर्ता ने पहले इस संबंध में प्रशासन को अभ्यावेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्हें हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी। अगली सुनवाई 15 जून को हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 15 जून 2026 तय की है। तब तक सभी प्रतिवादियों को अपना पक्ष रखना होगा।

#### इनका कहना है

माननीय न्यायालय के आदेश की प्रतीक्षा करे प्रेस नोट जारी करना सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का ओछा प्रयास हैं जनहित मै सार्थक प्रयास करे

पंकज चौरे, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद इटारसी

# जनगणना 2026: गणकों द्वारा की जा रही मकानों की गणना



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य 253 गणना ब्लॉक में चल रहा है जिसमें प्रगणकों द्वारा मकान की गणना का कार्य किया जा रहा है गणना के दौरान जनगणना निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार नियत किए गए 34 प्रश्न की जानकारी नागरिकों से जुटाए जा रही है इसी संबंध में आज जिला स्तर से पंकज दुबे मास्टर ट्रेनर द्वारा ग्राम गूजरवाड़ा के गणना ब्लॉक 188 और मानागांव के 199, 200,201,203 में जिला स्तरीय दल द्वारा निरीक्षण किया गया व क्षेत्र में आ रही समस्याओं को हल सुझाए तथा गुणवत्ता युक्त कार्य करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई । इस दौरान जिला स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त राजेश कुमार मालवीय समदर्शी सोनी, कृष्ण कुमार बरकरे आदि शामिल रहे।

# अमृत-2.0 योजना के कार्यों का एसडीएम ने किया निरीक्षण, 55 प्रतिशत काम हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर की भविष्य की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए संचालित 'अमृत-2.0 योजना' अब धरातल पर आकार लेने लगी है। गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निलेश शर्मा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने निर्माण कार्यों का संयुक्त रूप से विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए टाटा कंपनी के इंजीनियरों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

### 6.53 करोड़ की परियोजना:

अमृत-2.0 योजना के तहत इटारसी नगर में 6.53 करोड़ रुपये की लागत से जल प्रदाय परियोजना पर काम चल रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माणाधीन उच्च स्तरीय टंकियों, 42.50 किमी लंबी पाइपलाइन और घरेलू नल कनेक्शनों का जायजा लिया। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता आधुनिक प्रणाली है, जिससे जल वितरण की निगरानी डिजिटल तकनीक के माध्यम से की जा सकेगी।

### सड़कों का सुधार जरूरी

निरीक्षण के दौरान एसडीएम निलेश शर्मा ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को तुरंत दुरुस्त किया जाए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के दौरान जनता की सुविधा का ध्यान रखना प्राथमिकता होनी चाहिए।

# स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की सफलता के लिए सीएमओ शर्मा स्वयं कर रहे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 का मैदानी काम सोहागपुर नगर में जारी है। गत दिवस दिल्ली से आई स्वच्छता सर्वेक्षण टीम ने शहर में भ्रमणकर आमजनों से नगर परिषद के स्वच्छता कार्य का फीडबैक लिया है। वहीं नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा नियमित निगरानी कर रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण में सोहागपुर नगर निकाय को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थल प्राप्त हो इसके लिए प्रशासनिक एवं शासन स्तर पर प्रयास जारी हैं।

नगर परिषद के जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी लगातार शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जनसंपर्क कर स्वच्छता जागरूकता की अपील नागरिकों से कर रहे हैं। वहीं नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के द्वारा भी लगातार सोहागपुर शहर में जारी स्वच्छता कार्य की निगरानी की जा रही है। गुरुवार को भी शर्मा ने मॉर्निंग शिफ्ट में सोहागपुर शहर के लगभग प्रत्येक उस स्थल पर भ्रमण किया, जहां सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छताकर्मी कार्य करते हैं। इस दौरान सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों के साथ उपस्थित होकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया एवं कर्मचारी को निर्देशित किया कि शिफ्ट अनुसार निर्धारित समय अवधि में स्वच्छता कार्य की अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन करें।

## अनुविभागीय अधिकारी ने किया निरीक्षण

**पिपरिया।** जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा की पदस्थापना होने के बाद से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान फील्ड में लगातार दिखाई देने लगे हैं। नहीं तो तत्कालीन कलेक्टर के कार्यकाल में अनुविभागीय अधिकारी किसी से मिलते ही नहीं थे। ज्ञापन भी नहीं लेते थे।कुल मिलाकर आम जनता से लेकर सभी से दुरी बनाए हुए थे। लेकिन अभी वर्तमान कलेक्टर के पदस्थ होते ही अब फील्ड में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। लगातार दौरे किए जा रहे हैं। लेकिन अभी कार्यक्रम की सूचना एक दिन पूर्व ही देने के बाद निरीक्षण किया गया है।

# उपार्जन के भुगतान में देरी से किसान हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की सेवा सहकारी समिति में लगातार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही है। लेकिन पूर्व में एफसी आईं के द्वारा खरीदी केंद्र से गेंहू उठाने की बात कही गई थी। जिसके कारण अक्सर खरीदी केंद्र खुले मैदान में बने हुए हैं।

कुछ वेयरहाउस में खरीदी केंद्र बने हैं। लेकिन सेवा सहकारी समिति देवगांव का एक खरीदी केंद्र सब्जी मंडी में बनाया गया है। जिसमें लगभग 15हजार किवंटल खुले में पड़ा हुआ है। जिसमें बताया गया कि पहले 4गाडी रिजेक्ट कर वापस भेज दी गई है। एफसी आईं के द्वारा फिर से 8गाडी भेजी गई थी। जिनमें से 2 गाड़ी वापस कर दी गई है।इस तरह से प्रत्येक केंद्र पर यही हो रहा है। जिसके कारण किसानों को अब भुगतान में भी परेशानी उठानी पड़ सकती है। जबकि शासन नियमानुसार खरीदी केंद्र पर अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन फिर भी रिजेक्ट कर वापस भेज दिया गया है। दिनांक 7/5/26को पुनः प्रयास किया गया। तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

प्रबंधक राजेश शर्मा , नागरिक आपूर्ति से सर्वेयर नियुक्त भरत सिंह सहित अन्य सर्वेयर के द्वारा संबंधित सभी ढेरों के सैंपल की जांच कराई गई थी। तथा सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया।शेष गोदाम में जमा किया जा रहा है। यदि एफसी आईं गेहूं अपने अधिकार में नहीं रखते है।तो किसानों को भुगतान के लिए परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## निजी कार बनी एम्बुलेंस, किया इलाज, नवजात को दिया नया जीवन

# 'जब डॉक्टरों ने 1 घंटे तक किया सांसों का संघर्ष'

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चिकित्सा जगत में चमत्कार अक्सर डॉक्टरों की अटूट मेहनत और सेवा भाव से ही जन्म लेते हैं। नगर के माता मंदिर हॉस्पिटल में एक ऐसा ही मामला सामने आया, जहां डॉक्टरों की टीम ने न केवल एक नवजात को मौत के मुंह से खींच निकाला, बल्कि संकट के समय संवेदनशीलता की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने मानवता का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।

### शून्य हो चुकी थीं धड़कनें

मामला 12 अप्रैल का है, जब माता मंदिर हॉस्पिटल में डॉ. सुनीता सिंह ने एक महिला का सिजेरियन ऑपरेशन किया। जन्म लेते ही नवजात की स्थिति अत्यंत नाजुक थी; न तो उसके हृदय में धड़कन महसूस हो रही थी और न ही वह सांस ले पा रहा था। चिकित्सा विज्ञान में ऐसी स्थिति को लगभग 'असंभव' माना जाता है, लेकिन डॉक्टरों ने उम्मीद नहीं छोड़ी।

### डॉ. टिकारिया का 60 मिनट का 'कठिन तप'

सूचना मिलते ही शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि टिकारिया अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए 'नियोनेटल रिससिटेशन' (पुनर्जीवन प्रक्रिया) शुरू की। करीब एक घंटे तक लगातार संघर्ष जारी रहा। जब मेडिकल प्रोटोकॉल भी जवाब देने लगे थे, तभी अचानक बच्चे के शरीर में हलचल हुई और उसकी सांसें लौट आईं। एक घंटे के इस संघर्ष ने अस्पताल परिसर में मौजूद हर शख्स की आंखें नम कर दीं।

### निजी कार बनी 'एम्बुलेंस'

चुनौती अभी खत्म नहीं हुई थी। नवजात को तत्काल वेंटिलेटर की जरूरत थी, लेकिन उस समय वाहन उपलब्ध नहीं था। समय की नजाकत को देखते हुए डॉ. अनिकेत सिंह ने तत्परता दिखाई और अपनी ही निजी कार को 'एम्बुलेंस' बनाकर बच्चे को डॉ. रवि के साथ वात्सल्य हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां 10-12 दिनों तक वेंटिलेटर पर उपचार चलने के बाद अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है।

आयुष्मान योजना ने दिया 'जीवनदान' का आधार परिजनों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए यह पूरा इलाज आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क किया गया। आधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी के कारण गरीब परिवार पर इलाज का कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ा।

### समाज के लिए संदेश

यह घटना उन चिकित्सकों के लिए एक बड़ी सीख है जो अक्सर चिकित्सकीय कार्य को व्यावसायिक पेशा समझते है। इस सफल टीम वर्क ने साबित कर दिया कि जब चिकित्सक मरीज को ग्राहक नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझकर अपना धैर्य और समर्पण नहीं खोते, तो मौत को भी हराया जा सकता है। बच्चा अब अपने परिजनों के साथ सुरक्षित घर पहुंच चुका है, और परिवार इस 'चमत्कार' के लिए डॉक्टरों का आभार व्यक्त कर रहा है।

## नपा परिसर में नेशनल लोक अदालत 9 को

**नर्मदापुरम।** नगरपालिका परिसर में 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नागरिक अपने समस्त प्रकार के बकाया करों का एकमुश्त भुगतान कर नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ ले सकेंगे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरपालिका परिसर कार्यालय में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वाहनों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नपाध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे अपने समस्त प्रकार के बकाया करों का भुगतान कर नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ लें।

# 14 वर्ष बाद आया फैसला दो लोगों को सजा फिर मिली जमानत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मंगलवारा थाना में संतरी के साथ मारपीट के मामले में 14 वर्ष बाद मनीष कुमार पारीक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में लगातार 2012से चल रहे प्रकरण में दो लोगों को धारा 458मे 02,02 वर्ष का कारावास तथा 2000, 2000हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।धारा 332मे 01,01 वर्ष का कारावास तथा एक एक हजार रूपए का अर्थदंड लगाया गया। जिसमें आरोपी दिनेश छीपा बलराम ठाकुर को कारावास की सजा सुनाई गई थी।

कुछ समय बाद आरोपी जनों के अधिवक्ता ने जमानत अर्जी पेश की तो न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने अर्जी स्वीकार कर जमानत पर रिहा किया गया।इस प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ चौधरी विक्रम सिंह ने की थी।

**खबर संक्षेप**

### केंद्रीय राज्य मंत्री आज हरदा आएंगे

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके 8 मई को हरदा आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री उईके 8 मई को रात्रि में जबलपुर से प्रस्थान कर प्रातः हरदा आयेंगे। मंत्री प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ह्यद्दिशाह्लह्ल की बैठक में सम्मिलित होंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे हरदा से बैतूल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### गतिविधियों के आयोजन के लिए दल गठित

**हरदा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत योजनाबद्ध कार्यान्वयन हेतु जनभागीदारी से जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के तहत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहले से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण संरचनाओं की साफ-सफाई एवं मानसून में किये जाने वाले पौधरोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे।

### यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने उमेश यादव

**सीहोर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की सहमति से सीहोर के वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट उमेश यादव को अखिल भारतीय यादव महासभा द्वारा म.प्र.यादव महासभा के अध्यक्ष बनाये जाने पर म.प्र.सहित सीहोर जिले के यादव समाज में खुशी की लहर है। ज्ञातव्य है कि उमेश यादव शुरु से ही समाजहित में अपनी अहम भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में सीहोर में जन्माष्टमी चल समारोह की शुरुआत हुई। चल समारोह में श्री यादव द्वारा मुख्य भूमिका निभाने में स्व.किशनलाल यादव, घनश्याम यादव, स्व.मटरू यादव, स्व.अशोक यादव, बाबूलाल यादव, आनन्द यादव एडवोकेट का सराहनीय योगदान रहा। समाज के प्रति उनकी इसी सेवा भावना को दृष्टिगत रखते हुए उमेश यादव को प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जिससे यदव समाज को एक जुट कर समाजहित में अनेक बड़े कार्य कराने का मौका मिला है।

### हवन यज्ञ से जाएगा वातावरण की शुद्धि होती

**सीहोर।** हवन यज्ञ करने से आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ वातावरण की भी शुद्धि होती है। हवन का धुंआ वातावरण की अशुद्धियों को नष्ट कर देता है। साथ ही हानिकारक कीटों को भी मार देता है। उक्त विचार शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी स्थित मंदिर में जारी श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी ने कहे। उन्होंने कहाकि कालोनी परिवार के द्वारा महोत्सव के अंतर्गत श्री लघु रुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम जहां योग के माध्यम से होता है तो वहीं तन मन के साथ वातावरण को भी शुद्ध रखने का काम यज्ञ करता है। आहूतियों से प्रज्जवलित अग्नि और निकलने वाला धुंआ पूरे वातावरण को शुद्ध रखता है।

## एसडीएम, तहसीलदार ने उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

# वेयर हाउस या समितियों में अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जाए: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार गेहूँ उपार्जन केन्द्रों पर पहुँच कर उपार्जन व्यवस्था को किसानों के लिये सुगम बनाएं। जिन वेयरहाउसेस अथवा समितियों में उपार्जन संबंधी अनियमितता पाई जाती है, उनके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा है कि उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में हम्माल रहें। साथ ही किसानों के लिये छायापानी व विश्राम के उत्तम प्रबन्ध किए जाएं। गुरूवार को आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जिन उपार्जन केन्द्रों अथवा वेयरहाउसेस पर किसानों की ज्यादा संख्या हो रही है, वहाँ किसानों को स्लॉट ट्रांसफर की सुविधा पोर्टल पर दी गई है, जिसके तहत एक उपार्जन केन्द्र अथवा वेयरहाउस से एक दिन में अधिकतम 5 किसानों को निकटतम वेयरहाउस अथवा उपार्जन केन्द्र पर स्थानांतरित किया जा सकेगा, जहाँ वे अपनी उपज बेच सकेंगे।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि बैंक ऋण वसूली एवं खनिज राजस्व वसूली के मामलों में सख्ती की जाए। पुराने एवं बड़े बकायादारों से वसूली न होने पर उनके बैंक खाते सीज किए जाएं। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर चल, अचल सम्पत्ति कुर्क की जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों, हिट एण्ड रन के प्रकरणों एवं अन्य राजस्व कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल एवं अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद थे।



### कृषक समस्याओं को मिला सशक्त मंच

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप गौर द्वारा विभिन्न किसान संवादों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों एवं समस्याओं को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्माके साथ कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। दिलीप गौर ने किसानों की आवाज़ को मजबूती से रखते हुए कृषक समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेहूं तुलाई में आ रही परेशानियां, पराली जलाने पर एफ आई आर, आदि समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष वर्मा का कहना है कि भाजपा प्रदेश संगठन भी किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं हरदा जिलाध्यक्ष दिलीप गौर के माध्यम से हरदा की कृषक गतिविधियों पर निगरानी कर रहा है एवं भाजपा सरकार किसान हित में सदैव तत्पर है। इस दौरान जिला महामंत्री राजेश गोदारा, बसंत सिंह राजपूत एवं मनीष निशोद भी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर किसान हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## आदतन अपराधियों पर कार्रवाई

# दिव्यांग से हफ्ता वसूली, दुकान में तोड़फोड़ के दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन पर एक दिव्यांग दुकानदार से हफ्ता वसूली और दुकान में तोड़फोड़ का आरोप है। सिविल लाइन थाना टीआई आर एस तिवारी ने बताया कि टंकी मोहल्ले के रहने वाले दिव्यांग दुकानदार गोविंद जायसवाल से कपिल और विकास नाम के आदतन अपराधियों ने हफ्ता वसूली के लिए पैसों की मांग की थी। जब दुकानदार गोविंद जायसवाल ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो दोनों आरोपियों ने उनकी दुकान में तोड़फोड़ की और गाली-गलौज की। इसके बाद आरोपियों ने दुकानदार के साथ मारपीट भी की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें दिव्यांग दुकानदार की दुकान पर ले गई, जहां उनसे माफी मंगवाई गई। पुलिस का उद्देश्य था कि क्षेत्र में अपराधियों का भय समाप्त हो और शांति स्थापित हो सके। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। टीआई आर एस तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में अनैतिक व्यापार से जुड़े, शांति भंग करने वाले या आम लोगों को डराने-धमकाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# कलेक्टर ने जनगणना हाउस लिस्टिंग के साथ हाउसिंग कार्य का निरीक्षण किया

## फील्ड के कर्मचारियों से काम की प्रगति की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को अधिकारियों के साथ हरदा नगर पालिका क्षेत्र के एलआईजी कॉलोनी दौरा कर जनगणना अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग कार्य का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने गणना ब्लॉक का जायजा लिया और फील्ड में तैनात कर्मचारियों से काम की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि एचएलबी का कार्य पूरी सावधानी और शुद्धता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक मकान, परिवार और भौगोलिक स्थिति की सही जानकारी दर्ज करना अनिवार्य है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, जिला मास्टर ट्रेनर आयुषी भावसार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में एचएलबी का कार्य किया जा रहा है, जिसमें मकानों की सूची और उनके उपयोग का विवरण तैयार किया जाता है। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में यह कार्य समय पर और त्रुटिरहित पूरा हो।

## नियम मानने वाले चालकों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया

# अच्छी पहल: पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को रोककर बांटे हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात और सिविल लाइन थाना पुलिस ने अनूठा जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस ने बायपास हनुमान मंदिर चौराहे पर बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट बांटे। वहीं, नियम तोड़ने वाले 50 लोगों की टेंट में क्लास लगाई गई, जबकि नियम मानने वाले 30 चालकों को बीच सड़क फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

यातायात पुलिस ने बायपास स्थित हनुमान मंदिर चौराहे पर दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान जिन चालकों के पास हेलमेट नहीं थे, पुलिस ने उन्हें मौके पर ही अपनी ओर से हेलमेट वितरित किए। पुलिस ने सभी को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, ओवरस्पीडिंग से बचने और नशे में वाहन न चलाने की हिदायत दी। अभियान का नेतृत्व कर रहे यातायात प्रभारी सूबेदार उमेश ठाकुर ने चालकों को हेलमेट का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, ₹सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की अधिकांश मृत्यु सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती है। हेलमेट एक जीवन रक्षक है और हर चालक के लिए इसका उपयोग अत्यंत आवश्यक है।₹ मौके पर मौजूद आम नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की काफी सराहना की। इसी क्रम में सिविल लाइन थाना पुलिस ने भी अपना जागरूकता अभियान चलाया। यातायात नियमों का पालन न करने वाले लगभग 50 व्यक्तियों के लिए एक विशेष 'यातायात पाठशाला' आयोजित की गई। पुलिस ने उन्हें धूप से बचाने के लिए लगाए गए टेंट में कुर्सियों पर बैठाया और यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान सभी को जागरूकता संबंधी वीडियो दिखाए गए और पंपलेट बांटे गए। टेंट में बैठे लोगों को पुलिस ने अपने परिजनों और परिचितों को भी नियम पालन के लिए प्रेरित करने को कहा। वहीं, दूसरी तरफ जिन वाहन चालकों के पास पूरे दस्तावेज थे और जो नियमों का पालन कर रहे थे, पुलिस ने उन्हें रोककर सरप्राइज दिया। ऐसे लगभग 30 वाहन चालकों को पुलिस ने फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया, जिसके बाद चालकों ने पुलिस का आभार जताया।



### आरएसआई ने मिनी बाइज को 1-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शाम को आरएसआई टीम ने सीहोर मिनी बाइज टीम को 1-0 से हराया। इसके अलावा यहां पर निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में करीब 100 से अधिक बच्चों ने अभ्यास किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत एक तरफा मुकाबला खेला गया था। इसमें आरएसआई ने सीहोर मिनी को 1-0 से हराया। इसमें आरएसआई टीम की ओर से सार्थक ने एक मात्र गोल किया।

# 31 करोड़ 22 लाख से बनाई जाएगी 41 किलोमीटर की 16 ग्रामीण सड़कें

## विधायक सुदेश राय ने स्वीकृत कराया निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



केंद्र सरकार से विधायक सुदेश राय ने सड़के स्वीकृत करा ली है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कों का निर्माण होगा। विधायक सुदेश राय ने ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। क्षेत्र के 30 गांव इस योजना से जुड़ेंगे। निर्माण पर 31करोड़ 22 लाख रूपये खर्च होगा। कुल 16 ग्रामीण सड़के बनाई जाएगी। यह सड़के कुल 41किलोमीटर लम्बी होंगी। क्षेत्र के विकास को लेकर सक्रिय विधायक सुदेश राय की विशेष अनुशंसा पर केंद्रीय ग्रामीण विकास किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि सड़क निर्माण से गांवों का संपर्क बढेगा।

ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। आवागमन सुलभ होगा। कृषि कार्यो में आसानी होगी। कृषि व्यापार भी बढेगा। किसानों की आमदनी में भी इजाफा होगा। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाऐं भी मिलेंगी।

# बिजली का तार चोरी करने वाले असामाजिक तत्वों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर वृत्त अंतर्गत दिवड़िया वितरण केंद्र में बिजली पोल गिराकर बुनियादी संरचना को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचाने और तार चोरी करने वाले अज्ञात असामाजिक तत्वों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि 4 मई 2026 की मध्य रात्रि को 33/11 केव्ही सतपिपलिया उपकेंद्र से निकलने वाली 11 केवी रतनपुर डीएलएफ लाइन पर ग्राम रामनगर से मोलगा के बीच असामाजिक तत्वों द्वारा 18 विद्युत खंभों को क्षतिग्रस्त कर धराशायी कर दिया गया और लगभग 5 किलोमीटर लंबी 11 केव्ही लाइन के तार चोरी कर लिए गए जिसके कारण ग्राम हालियाखेड़ी और मोलगा की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल कार्यवाही करते हुए इछावर थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना इछावर द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

## संत समाज मिलकर दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बनाएगा

# प्राचीनकाल से भारत सनातन राष्ट्र: माधवदास महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम, विश्व कल्याण की भावना, यही हिन्दुत्व, यही सनातन है। प्राचीनकाल से भारत सनातन राष्ट्र है। आने वाला समय भारत का है। इसके लिए हमारे कथा वाचक, मंदिरों के पुजारी, संत समाज मिलकर दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बनाएंगे। पूरी दुनिया को लगने लगा है कि भारत दुनिया का नेतृत्व कर सकता है, इसलिए दुनिया भर की ताकतें भारत को कमजोर करना चाहती हैं। इसलिए जो कमियां हैं, उसे दूर करते हुए आगामी वर्षों में दुनिया को नेतृत्व दे सकने वाला भारत बनाना है। उक्त विचार शहर के मुगीसपुर स्थित श्री राधेश्याम विहार कालोनी जारी श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री लघु रुद्र महायज्ञ के दौरान प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास ने यहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं से कहे। उन्होंने कहाकि कालोनी परिवार के द्वारा भगवान शिव का भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है, इसमें संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी और सभी पूरी आस्था और विश्वास के साथ धार्मिक कार्य कर रहे है। इससे हमारा सनातन धर्म मजबूत होगा। सामाजिक समरसता सनातन धर्म का प्राण तत्व है। छूआछूत सनातन धर्म के लिए कलंक है। यदि सबरी माता जैसी भक्ति हो तो परमात्मा सबको मिल सकते हैं। भगवान श्री राम ने सबरी का उद्धार कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि गुरुवार को भगवान का दिव्य स्नान एवं शयनाधिवास के अलावा शाम को मां नर्मदा नव दुर्गा गणगौर मंडल के द्वारा भजनों के साथ नृत्य आदि की प्रस्तुति दी जाएगी। यहां पर नियमित रूप से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से शामिल होने की अपील की।

# मंदिर की भूमि से हटा अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मामले की याद दिलाने वाला एक अत्यंत रोचक और चर्चित मामला सीहोर में सामने आया है। यहाँ ग्राम बड़नगर स्थित श्रीराम जानकी अधिकारी मंदिर बढ़यािखेड़ी की बेशकीमती भूमि को प्रशासन ने अवैध कब्जे से मुक्त कराकर मंदिर प्रबंधन को सौंप दिया है। इस मामले की सबसे विशेष बात यह है कि देश के दूसरे सबसे चर्चित मामले के रूप में यहाँ स्वयं भगवान श्रीराम मुख्य अपीलकर्ता थे। श्रीराम जानकी अधिकारी मंदिर के व्यवस्थापक महंत हरिदास गुरु गोपालदास ने बताया कि यह कानूनी विवाद पिछले करीब कई वर्षों से न्यायालय में चल रहा था। मंदिर की ज़मीन पर कुछ लोगों ने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं भगवान श्रीराम की ओर से न्याय की गुहार लगाई गई थी। माननीय न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर भगवान श्रीराम के पक्ष में फैसला सुनाते हुए धारा २५० के अंतर्गत जमीन को कब्जा मुक्त करने के आदेश जारी किए थे। न्यायालय के आदेश के परिपालन में बुधवार, ६ मई को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुँची। आरआई धीरेंद्र वर्मा, पटवारी श्रीमती बबीता जैन एवं तहसील के अन्य कर्मचारियों ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से जमीन की सटीक नपती की। इस पूरी कार्यवाही के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थाना कोतवाली का पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रशासनिक औपचारिकताओं के बाद मौके पर ही जमीन का भौतिक कब्जा मंदिर के व्यवस्थापक महंत श्री हरिदास को सौंप दिया गया। यहाँ महंत रूपकिशोर दास भीलखेड़ा कालापीपल वाले, आचार्य पंडित संतोष भारद्वाज पीताम्बरा शक्ति मंदिर, महेन्द्र राय सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण भी मौजूद थे। वर्षों पुराने इस विवाद के सुखद अंत और श्रीराम जी के पक्ष में न्याय होने पर श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है।